**दिनांक–21.04.2025 को अपराह्न 01:00 बजे निदेशक, पशुपालन की अध्यक्षता में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (पशुपालन), बिहार, पटना द्वारा "Request for Proposal for Selection of Service Provider for Closed User Group (CUG) service with post paid SIM cards having data facility and unlimited voice calling under Directorate of Animal Husbandry, Animal and Fisheries Resources Department, Govt. of Bihar" हेतु प्रकाशित निविदा सूचना (विज्ञापन) PR No. 000296 (Animal) 2025-26 अन्तर्गत Pre bid meeting के निमित्त तकनीकी निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही:–**

उपस्थिति :– संलग्न सूची के अनुसार।

सर्वप्रथम तकनीकी निविदा समिति के सभी उपस्थित सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों तथा फर्म के प्रतिनिधि का स्वागत किया गया एवं तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

प्रभारी पदाधिकारी (योजना)–सह–सदस्य सचिव द्वारा जानकारी दी गयी कि आज की ''तकनीकी निविदा समिति'' की बैठक में प्रकाशित निविदा "Request for Proposal for Selection of Service Provider for Closed User Group (CUG) service with post paid SIM cards having data facility and unlimited voice calling under Directorate of Animal Husbandry" अन्तर्गत फर्म Reliance Jio infocomm Ltd. से प्राप्त पत्र के आलोक में बैठक आहूत की गयी है।

सर्वप्रथम फर्म Reliance Jio infocomm Ltd. एवं BSNL से प्राप्त पत्र तथा प्रकाशित निविदा की प्रति सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा उक्त पत्र एवं निविदा प्रारूप की प्रति के अवलोकनोपरान्त विचार–विमर्श एवं समीक्षा के बाद सर्वसम्मति से निम्नलिखित अनुशंसा की गयी :–

(i) फर्म Reliance Jio infocomm Ltd. के पत्र के साथ संलग्न सूची की कंडिका 1 एवं 2 में अंकित Eligibility Criteria अन्तर्गत संशोधन हेतु किये गये अनुरोध के आलोक में स्पष्ट किया गया कि प्रकाशित निविदा के पृष्ठ सं०–6 के कंडिका–7 (iii) के अनुसार Eligibility/Technical शर्त्तों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। यद्यपि पत्र की कंडिका–2 में किये गये अनुरोध "Request to allow group company to participate in the tender" के संबंध में यह स्पष्ट किया गया कि किसी प्रतिभागी फर्म द्वारा निविदा में अंकित विभिन्न सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु किसी अन्य सेवा प्रदाता से Tie-up किया जाना उनका आंतरिक मामला है। पशुपालन निदेशालय के द्वारा कोई भी पत्राचार/संव्यवहार निविदा में सफल निविदादाता फर्म मात्र के साथ किया जाएगा एवं निविदा में वर्णित कार्यो के सफल निष्पादन हेतु उक्त सफल निविदादाता फर्म की पूर्ण जिम्मेवारी होगी।

(ii) पत्र के कंडिका–3 अन्तर्गत "Coverage of 4G at least 90% of villages in Bihar" हेतु निविदादाता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता के द्वारा निर्गत स्वघोषणा को मान्य किये जाने का निर्णय लिया गया परन्तु उक्त स्वघोषणा में अंकित तथ्यों की संपुष्टि पशुपालन निदेशालय के द्वारा आवश्यकतानुसार कभी भी कराई जा सकती है।

(iii) पत्र के कंडिका–4 एवं 6 अन्तर्गत क्रमशः "Bound to negotiate if any significant reduction in tariff rate in market" एवं आपूर्ति समय सीमा के संबंध में किये गये अनुरोध को अमान्य किये जाने की अनुशंसा की गयी।

(iv) फर्म Reliance Jio infocomm Ltd. के पत्र के कंडिका–5, 8, 9, 10, 11, 12 एवं 13 में वर्णित तथ्यों को स्पष्ट करने के संबंध में किये गये अनुरोध के आलोक में यह स्पष्ट किया गया कि निविदा में वर्णित उक्त सभी शर्त्त/तथ्य स्वतः सुस्पष्ट है। उक्त बिन्दु मूलतः तकनीकी आवश्यकताओं से संबंधित है तथा निविदादाता फर्म के द्वारा इनकी पूर्ति किया जाना अपेक्षित है।

(v) पत्र के कंडिका–7 अन्तर्गत एकरारनामा अवधि को दो वर्ष अतिरिक्त बढ़ाये जाने के संबंध में यह स्पष्ट किया गया कि अवधि में विस्तार दोनों पक्षों के आपसी सहमति के बाद ही की जायेगी।

(vi) पत्र के कंडिका–14 अन्तर्गत EMD के रूप में बैंक गारंटी जमा करने के संबंध में यह स्पष्ट किया गया कि बैंक गारंटी निविदा में उल्लेखित शर्त्त के अनुसार ही स्वीकार्य होंगे एवं यह देश के किसी भी राष्ट्रीयकृत/अधिसूचित बैंक के द्वारा निर्गत होने चाहिए।

(vi) उपर्युक्त बिन्दुओं को स्पष्ट किये जाने के आलोक में तकनीकी निविदा समिति की बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रकाशित निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन नहीं किये जाने की सर्वसम्मति से अनुशंसा की गयी।

(vi) फर्म BSNL द्वारा EMD के रूप में बैंक गारन्टी के स्थान पर डिमान्ड ड्राफ्ट को मान्य किये जाने के अनुरोध को अस्वीकृत किये जाने की अनुशंसा की गयी।

<u>अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।</u>

ह०/–
**(डॉ० अविनाश चन्द्र ज्ञानी)**
प्रभारी पदाधिकारी,
योजना प्रशाखा,
पशुपालन निदेशालय, बिहार,
पटना।

ह०/–
**(डॉ० मनीष कुमार)**
अवकाश रक्षित पदाधिकारी
–सह–
प्रभारी पदाधिकारी
(e-proc-2),
पशुपालन निदेशालय,
बिहार, पटना।

ह०/–
**(डॉ० निर्भय कुमार)**
विभागाध्यक्ष –सह–
वरीयतम प्राध्यापक,
फार्माकोलॉजी विभाग,
बिहार पशु चिकित्सा
महाविद्यालय, बिहार, पटना।

ह०/–
**(डॉ० साहादेव डे)**
विभागाध्यक्ष,
पशु औषधि विभाग,
बिहार पशु चिकित्सा
महाविद्यालय, बिहार, पटना।

ह०/–
**(डॉ० अनुप कुमार अग्रवाल)**
अवकाश रक्षित पदाधिकारी,
पशुपालन निदेशालय,
बिहार, पटना।

ह०/–
**(डॉ० मुकुल कुमार)**
स्वास्थ्य विभाग, बिहार के
प्रतिनिधि।

ह०/–
**(डॉ० मनोज कुमार कश्यप)**
परियोजना निदेशक,
बी0एल0डी0ए0, पटना।

ह०/–
**(डॉ० राकेश कुमार पंजियार)**
निदेशक,
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन
संस्थान, बिहार, पटना।

ह०/–
**(डॉ० सुनील कुमार ठाकुर)**
संयुक्त निदेशक (प0स्वा0),
पशुपालन निदेशालय,
बिहार, पटना।

ह०/–
**(श्री नवदीप शुक्ला)**
निदेशक,
पशुपालन निदेशालय,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक– 10 नि0 (क्रय) 01/2025** 1588 (नि०) **/पटना–15, दिनांक–** 22/04 **/2025**

**प्रतिलिपि :–** विभागीय आई0 टी0 मैनेजर को आवश्यक कार्रवाई (सभी संबंधितों को ई–मेल करने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने) हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** श्रीमती अमृता सिंह, प्रतिनिधि, Reliance Jio infocomm Ltd. को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** सहायक महाप्रबंधक, Enterprise Business, BSNL, संचार सदन, बुद्ध मार्ग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** तकनीकी निविदा समिति के सभी सदस्यों तथा विशेष आमंत्रित सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

22/04/2025

अपर निदेशक (पशु उत्पाद)।